

# मौसम की बेरुखी से किसान हुये चिंतित

## जिले में बदलते मौसम और प्रदेश में मौसम विभाग से जारी एलर्ट को लेकर फसलों को बचाने के उपाय में जुटे किसान



नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अप्रैल। जिले में बदलते मौसम और प्रदेश में मौसम विभाग द्वारा जारी एलर्ट को लेकर फसलों को बचाने के उपाय में किसान जुटे हैं। मौसम की बेरुखी से किसान चिंतित हो चुके हैं।**

मौसम की बेरुखी ने इस समय किसानों की चिंताएं बढ़ा दी है। कुछ दिनों से बेमौसम बूंदा-बांदी और बारिश ने खेतों में खड़ी फसलों को अभी तक भले ज्यादा नुकसान नही हुआ है लेकिन जो फसलें कटकर खलिहान में आ गई उसके बर्बाद होने की संभावना है। जिन फसलों को देखकर किसान खुश था, वही अब मिट्टी में मिलती नजर आ रही हैं। मौसम की बेरुखी ऐसे ही रहेगी और बूंदा-बांदी के साथ बारिश जारी रही तो चना, सरसों की फसलें प्रभावित होंगी। किसान चिंतित हैं कि यदि मौसम की ये बेरुखी तेज आंधी-तूफान ओलों की मार हुई तो खेतों में खड़ी गेंहू की फसलों की बालियां टूट जायेंगी और दाने झड़कर जमीन पर बिखर गए। किसानों का कहना है कि एक तरफ मंडियों में सही भाव नहीं मिल रहा, ऊपर से मौसम की मार ने उनकी हालत और खराब कर देगी है। मेहनत, लागत और उम्मीद-सब कुछ एक झटके में खत्म हो जायेगा।

### मौसम के बेरुखी की कहानी किसानों की जुबानी



मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में मौसम को लेकर जारी किए गए अलर्ट को लेकर किसानों का चिंतित होना लाजमी है। सीधी जिले के चुरहट क्षेत्र में भी कुछ दिनों से मौसम की बेरुखी देखने को मिल रही है। आज एवं पिछले दिनों हुई बूंदा-बांदी और हल्की बारिश से खेतों खड़ी फसलों को फिलहाल इतनी बारिश से नुकसान नही होना है लेकिन खलिहान में कटकर रखी चना, सरसों की फसल को कुछ नुकसान होने की संभावना है। जिसके बचाव के लिए फसलों को पन्नी से ढककर बचाने का प्रयास किसानों द्वारा किया जा रहा है। यदि मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तरह तेज आंधी तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई तो खलिहान में कटकर रखी फसलों के अलावा खेत में खड़ी फसलें भी बर्बाद हो जायेंगी।

**संजय सिंह बघेल, किसान, बड़खरा-739**



पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बीच में कई बार हल्का बारिश एवं बूंदा-बांदी हो चुकी है। इस समय किसान गेंहू की कटाई में लगा हुआ है। किसानों की पूरी मेहनत खेत एवं खलिहान में रखी हुई है। यदि तेज बारिश हुई तो फसलों की गुणवत्ता खत्म हो जायेगी। यदि ओलावृष्टि हुई तो किसानों को भारी क्षति पहुंचेगी।

**रामायण प्रसाद पटेल, किसान, मोहनिया**

## गेंहू खरीदी में व्यापारियों का हित साध रही है सरकार : अजय

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा किसान डिफाल्टर होने की कगार पर



नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अप्रैल। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने मध्य प्रदेश में गेंहू खरीदी में बार-बार हो देरी को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, किसान-विरोधी और असंवेदनशील बताया है। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही प्राकृतिक जोखिम, बढ़ती लागत, कर्ज के बोझ और मंडी की अनिश्चितताओं से जूझ रहा है। ऐसे समय में सरकार द्वारा गेंहू खरीदी को टालते रहना किसानों के घाव पर नमक छिड़कने जैसा है।**

श्री सिंह ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि जब किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेंचने की उम्मीद लगाए बैठा है, तब उसे मजबूरी में व्यापारियों को बहुत कम दाम पर गेंहू बेचना पड़ रहा है। इससे किसानों को सीधा आर्थिक नुकसान हो रहा है और बैंक से कर्ज लेकर खेती करने वाले अनेक किसान डिफाल्टर होने की कगार पर पहुंच गये हैं। अजय सिंह ने कहा कि सरकार बारदाने की कमी का बहाना बनाकर खरीदी में विलंब कर रही है जबकि खुले बाजार में और व्यापारियों के पास पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है। यदि व्यापारी बड़े पैमाने पर खरीदी कर सकते हैं, तो सरकार किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू क्यों नहीं खरीद सकती? यह प्रश्न सरकार की मंशा पर गंभीर संदेह पैदा करता है। राजस्थान सहित कई राज्यों में गेंहू खरीदी पहले ही शुरू हो चुकी है लेकिन मध्य प्रदेश में किसानों को लगातार इंतजार कराया जा रहा है। इससे यह आशंका मजबूत होती है कि व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए ही सरकार खरीदी में देर कर रही है।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि वह बहानेबाजी छोड़कर तत्काल गेंहू खरीदी शुरू करे। किसानों से एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए, खरीदी केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जाए, बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए और भुगतान की प्रक्रिया भी समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि किसानों के साथ यह अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सरकार को तुरंत प्रभाव से निर्णय लेकर खरीदी प्रारंभ करनी चाहिए अन्यथा यह माना जाएगा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हितों की नहीं, व्यापारिक हितों की रक्षा कर रही है।

## शिक्षक संवर्ग को चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान का आदेश होने से हर्ष




नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अप्रैल। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मध्य प्रदेश शिक्षक के प्रांताध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर तथा महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप शासन ने सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी कर दिये हैं।**

इनका कहना था कि आज मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के अनवरत प्रयासों से बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। अब संगठन की प्राथमिकता गुरुजी, नवीन संवर्ग के प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता, पुरानी पेंशन बहाली तथा टीईटी से मुक्ति दिलाना है और इन तीनों कार्यों के निदान हेतु भी प्रांताध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में संगठन निरंतर प्रयासरत है। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि पूरे प्रदेश के शिक्षकों के सहयोग से यह मांग भी संगठन निश्चित रूप से पूरी कराएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, मध्य प्रदेश शासन शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर प्रांताध्यक्ष का मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई सीधी बहुत-बहुत आभार प्रेषित करती है।

रामजी शुक्ला सचिव, सुरेन्द्र तिवारी कोषाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों में श्याम सुंदर तिवारी उपाध्यक्ष, सुश्री निकिता सोनी महिला उपाध्यक्ष, श्रीमती साधना मिश्रा जिला महिला प्रमुख, श्रीमती वीणा दीक्षित सहसचिव, कुमुद पाण्डेय अध्यक्ष सीधी, आरबी सिंह अध्यक्ष सिहावल, केके श्रीवास्तव अध्यक्ष रामपुर नैकिन, नरेन्द्र तिवारी अध्यक्ष मझौली एवं प्रवीण शुक्ला अध्यक्ष कुसमी, जिला मीडिया प्रमुख मुकेश सेन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित ही मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रयासों से हमारे लिए कुछ भी असंभव नहीं रहेगा।

## जागरूकता अभियान तेज, स्वगणना व मकान सूचीकरण की तैयारी शुरू

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अप्रैल। जिले में जनगणना 2026 के सफल संचालन हेतु प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। स्व-गणना का कार्य 16 से 30 अप्रैल 2026 तथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 से 30 मई 2026 के बीच संपादित की जाएगी। इसके लिए आमजन की जागरूकता और सहभागिता को आवश्यक माना गया है।**

प्रचार-प्रसार के लिए नगर निकायों की कचरा गाड़ियों में ऑडियो संदेश, शासकीय कार्यालयों के एलईडी डिस्प्ले व नोटिस बोर्ड पर स्लोगन/वीडियो, तथा प्रमुख चौराहों पर सार्वजनिक उद्घोषणा के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। साथ ही स्थानीय केबल नेटवर्क एवं जिला स्तरीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी उपयोग किया जाएगा। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि स्व-गणना (16-30 अप्रैल) एवं मकान सूचीकरण (1-30 मई) दोनों चरणों के लिए व्यापक प्रचार सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए स्लोगन, वीडियो एवं जिंगल उपलब्ध कराए गए हैं। संबंधित विभागों को प्रचार-प्रसार की कार्यवाही के फोटो एवं वीडियो भी निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

## गांव की चौपाल में पहुंचेगा प्रशासन, अब गांव में ही होगा समस्याओं का समाधान

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अप्रैल। जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा ग्राम स्तर पर जनसंवाद और जनसुनवाई का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रशासन अब सीधे गांवों में पहुंचकर आमजन से संवाद स्थापित करेगा, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।**

इस अभियान के तहत बुधवार 8 अप्रैल को सायंकालीन एवं रात्रिकालीन चौपाल का आयोजन विकासखंड सिहावल के ग्राम हटवा, पहाड़ी एवं अमिलिया में किया जाएगा। दिनभर के कार्यक्रमों के पश्चात कलेक्टर अमिलिया में ही रात्रि विश्राम करेंगे ताकि स्थानीय नागरिकों से अधिक समय तक संवाद कर उनकी समस्याओं को विस्तार से समझा जा सके। गुरुवार 9 अप्रैल को जनसुनवाई कार्यक्रम कोदौरा, लौआ एवं सुहौलिया में आयोजित होगा। इसी दिन बहरी में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण एवं 'संकल्प से समाधान अभियान' अंतर्गत हितलाभ वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके घर-गांव के नजदीक ही सुनिश्चित किया जाए। इस पहल से जहां लोगों के समय और धन की बचत होगी, वहीं प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद भी मजबूत होगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन चौपालों एवं शिविरों में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखें, ताकि उनका त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे और प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के साथ सुना जाएगा।

### एक नजर में

## भाजपा जिला कार्यालय का भूमि पूजन कल



**सीधी।** 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह 09:30 बजे हॉस्पिटल चौक, न्यू भारत होटल के बगल में भाजपा जिला कार्यालय के भूमि पूजन का कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में आयोजित होगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रमणि दुबे ने बताया कि पार्टी के भूमि पूजन कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव के कर कमलों द्वारा, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अध्यक्षता में एवं संभाग संगठन प्रभारी विजय दुबे, लोकसभा सांसद डॉ .राजेश मिश्रा, जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, पूर्व विधायक चुरहट शरदेंदु तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू राम सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न होने जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने बताया कि पार्टी के भूमि पूजन कार्यक्रम में कार्यक्रम को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरे जिले से पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में सक्रिय सदस्य भाग लेंगे।

## सहकारी बैंक की समीक्षा बैठक



**सीधी।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी के प्रधान कार्यालय में कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक विकास मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक के कार्यों की प्रगति, ऋण वितरण, वसूली एवं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने बैंकिंग कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता एवं सुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऋण वितरण की प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए, जिसका समय-समय पर रैंडम परीक्षण भी किया जाएगा। खाद वितरण को अनिवार्य रूप से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कृषि वर्ष को ध्यान में रखते हुए किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों से सतत संवाद स्थापित किया जाए और शासन की योजनाओं को उनके द्वार तक पहुंचाया जाए, जिससे उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सके। बैठक में खरीफ ऋण वसूली, खरीफ एवं रबी उपार्जन, पैक्स कम्प्यूटरीकरण, ई-विकास पोर्टल की प्रगति, ऋण वितरण एवं एनपीए की स्थिति तथा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की गई। साथ ही बैंक की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर बी .पी .पाण्डेय, उपसंचालक कृषि राजेश सिंह चौहान, उपायुक्त सहकारिता दीप्ती बनवासी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशय तिवारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयोजित शिविरों में 940 से अधिक लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में पंचायत स्तर पर विशेष स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया, जिससे ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही समग्र स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकीं।**

शनिवार को आयोजित इन शिविरों में मझौली के बोदारीटोला, सिहावल के पोड़ी, रामपुर नैकिन के कुशमहर एवं सीधी के माटा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। कलेक्टर विकास मिश्रा स्वयं मझौली के बोदरीटोला में उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और हितग्राहियों से संवाद किया। शिविरों में मिली उल्लेखनीय भागीदारी के तहत बोदरीटोला में 255, माटा में 380, कुशमहर में 184 तथा पोड़ी में 123 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविरों में सीएमएचओ डॉ.बबीता खरे तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रवेश मिश्रा कुशमहर में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का संचालन एवं निरीक्षण करते रहे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें पूरी सक्रियता के साथ सेवाएं प्रदान करती रहीं, वहीं राजस्व, पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा भी आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया गया। शिविरों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को विशेष प्राथमिकता देते हुए गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, कुपोषित बच्चों तथा किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य परामर्श, निःशुल्क जांच, आवश्यक दवाइयों का वितरण तथा बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापन किया गया। गंभीर मरीजों को आवश्यकतानुसार उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर भी किया गया। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के अपूर्ण प्रमाण पत्रों के लिए चिन्हांकन कर उन्हें जिला मेडिकल बोर्ड भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार के शिविर मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं, जिससे इस पहल को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### लुरघुटी, सिरसी, पोस्ता व बरबंधा में 11 को लगेंगे शिविर

इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए आगामी शनिवार 11 अप्रैल 2026 को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभिन्न विकासखंडों के चयनित ग्रामों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें विधानसभा धौहनी अंतर्गत लुरघुटी, सीधी अंतर्गत सिरसी, चुरहट अंतर्गत पोस्ता तथा सिहावल अंतर्गत बरबंधा में शिविर लगाए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।



## आराध्या तिवारी के जन्म जयंती पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अप्रैल। आराध्या तिवारी पलक के द्वितीय जन्म जयंती पर आज शनिवार को आराध्या फाउण्डेशन द्वारा ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय सीधी में रक्तदान शिविर का आयोजन एवं चिकित्सालय में फल वितरण किया गया।**

रक्तदान शिविर में डॉ.हरिओम सिंह सेंगर, डॉ.शिशिर मिश्रा, समाजसेवी सुनील चौधरी, सत्यम मिश्रा, शिवांश तिवारी द्वारा रक्तदान किया गया। इस दौरान आराध्या तिवारी के पिता पंकज तिवारी, माता संध्या तिवारी, युवा समाजसेवी ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, वरिष्ठ पत्रकार मनोज पाण्डेय, आराध्या फाउण्डेशन उपाध्यक्ष अमित कुमार गौतम स्वतंत्र, डॉ.आशीष भारती, समाजसेवी संजय सोनी, अरविंद विश्वकर्मा, अनुज पाण्डेय, विकास नारायण तिवारी, अजीत सिंह चौहान प्रिंस, दुर्गेश गौतम, शुभम तिवारी, सूरज द्विवेदी, लक्ष्मी मिश्रा, प्राची शुक्ला, डॉ.अमन सिंह सहित अन्य एवं आराध्या फाउण्डेशन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहे : विश्वामित्र

### विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत मंडल मयापुर में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**सीधी 4 अप्रैल। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत मंडल मयापुर में 3 एवं 4 अप्रैल को दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न विषयों पर विषय वक्ताओं ने कार्य कर्ताओं से संवाद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने प्रशिक्षण वर्ग में अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके द्वारा दिखाया गया एकात्म मानववाद का सिद्धांत संगठन की मूल आत्मा है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा पहुंचाने की प्रेरणा देता है, क्योंकि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का विकास ही हमारा लक्ष्य है। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि हम उस राजनीतिक पार्टी से है जहां कार्यकर्ता ही संगठन की असली पूंजी है। भाजपा की विचारधारा अन्य पार्टियों से अलग है। उन्होंने कहा कि विपक्ष क्षेत्र का विकास होते देख केवल विरोध करने पर आमादा है। विधायक ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता हर पात्र व्यक्ति को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प ले, कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। हमारी सरकार ने लोक गारंटी सेवा अधिनियम लागू कर हर नागरिक का काम आसान किया। हर एक परिवार को मुफ्त राशन देने का काम कर रही है, लाडली लक्ष्मी योजना हो या लाड़ली बहना योजना के माध्यम से हर महीने 1500 रुपये देने का काम कर रही है जिससे हमारी बहनों की आर्थिक समस्या दूर हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से 6000 रुपए एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा किसानों को 6000 रुपए कुल मिलाकर साल में 12000 रुपये देने का काम कर रही है जिससे किसान समृद्ध हों। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन की उर्जा, समर्पण एवं वैचारिक दृढ़ता को और अधिक प्रखर करने वाला अत्यंत प्रेरणादायी अवसर है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष देवकुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी के इतिहास एवं विकास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में देश नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। भाजपा के पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों को सभी प्रशिक्षण में सम्मिलित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव यही असली भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है। कार्यकर्ता अपने कार्य क्षेत्र में पूर्ण समर्पण से अपना योगदान दे।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष द्वय शिवदान साकेत, मनीला सिंह, द्वय जिला महामंत्री लोरिक यादव, अनिल पाण्डेय, राकेश मौर्य, अर्जुन उपाध्याय, अशोक शुक्ला, अनिल पाण्डेय, संध्या सिंह, विपिन बिहारी पाण्डेय, रामलाल विश्वकर्मा, छविलाल रावत, राकेश उपाध्याय, बैकुंठ सिंह, उपेन्द्र पाण्डेय, पंचराज वर्मा, देवीशंकर सिंह, गैवीनाथ पाण्डेय, कृपा पाण्डेय, पिंटू पाठक, अनुसुइया शुक्ला, जितेन्द्र द्विवेदी सहित पदाधिकारी गण, बूथ अध्यक्षगण, बीएलए 2, महामंत्री एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।